11. इस मामले में परामर्श से संबंधित कार्यवाहियां इस प्राधिकरण के कार्यालय के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। प्राप्त हुई टिप्पणियों और संबद्ध पक्षों द्वारा की गई टिप्पणियों का सार प्रासंगिक पक्षों को अलग–से भेजा जाएगा। ये ब्योरे हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर भी उपलब्ध करवाये जाएंगे।

12. इस मामले की कार्यवाही के दौरान एकत्र की गई समग्र सूचना के संदर्भ में, निम्नलिखित स्थिति प्रकट होती है:–

(i) कोलकाता पत्तन न्यास (केओपीटी) का दरमान (एसओआर) पिछली बार इस प्राधिकरण द्वारा आदेश सं. टीएएमपी/23/2016–केओपीटी दिनांक 17 सितंबर 2016 द्वारा संशोधित किया गया था। उक्त आदेश द्वारा, कार्गो संबंधित प्रभारों में सामान्यतः 5 प्रतिशत और पोत संबंधित प्रभारों में सामान्यतः 15 प्रतिशत वृद्धि की गई थी। सितंबर 2016 के आदेश द्वारा अनुमोदित केओपीटी के एसओआर की वैधता 31 मार्च 2019 को समाप्त हो गई थी। केओपीटी के उक्त मौजूदा एसओआर की वैधता 30 सितंबर 2019 तक विस्तारित की गई थी। इस परिप्रेक्ष्य में, केओपीटी अपने एसओआर के सामान्य संशोधन के लिए प्रस्ताव लेकर आया था। केओपीटी का प्रस्ताव इसके न्यासी बोर्ड से अनुमोदित है।

(ii) पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) ने अपने पत्र सं दिनांक आईडब्ल्यूटी-II/28/2018-आईडब्ल्यूटी दिनांक 26 दिसंबर 2018 द्वारा महापत्तन न्यासों के दरमान जोकि महापत्तन न्यास (एमपीटी) अधिनियम 1963 की धारा 111 के अधीन 1 अप्रैल 2019 से संशोधन के लिए देय है, जिसे 16 जनवरी 2019 को राजपत्र सं. 17 द्वारा भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया था, के निर्धारण के लिए नया ''महापत्तन न्यासों के लिए प्रशुल्क के निर्धारण हेतु प्रशुल्क नीति, 2018'' जारी किया था। उसके बाद, प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 1.5 के अनुसार, महापत्तन न्यासों के लिए प्रशुल्क नीति 2018 कार्यान्वित करने के लिए कार्य दिशानिर्देश 30 जनवरी 2019 को राजपत्र सं. 29 द्वारा भारत के राजपत्र में अधिसूचित किए गए हैं। इस प्रकार, केओपीटी द्वारा अपने एसओआर के सामान्य संशोधन के लिए दाखिल प्रस्ताव प्रशुल्क नीति, 2018 और कार्य दिशानिर्देशों में दिए गए विनिर्दिष्टों पर आधारित है।

(iii) प्रारंभिक प्रस्ताव जुलाई 2019 में केओपीटी द्वारा दाखिल किया गया था। तत्पश्चात, हमारे द्वारा मांगे गए अनुसार नवम्बर 2019 में अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण पेश करते समय, केओपीटी ने अपने प्रारंभिक प्रस्ताव में दिए गए अनुसार अपनी एआरआर गणना में कुछ गणना त्रुटियों में सुधार किया है। उसके बाद, केओपीटी ने फरवरी 2020 में अपनी एआरआर गणना में कुछ त्रुटियों में सुधार किया था। एआरआर गणना में परिवर्तन का पत्तन द्वारा प्रस्तावित एसओआर में पत्तन द्वारा मांग की गई वृद्धि के प्रतिशत पर कोई प्रभाव नहीं है। इस प्रकार, जुलाई 2019 और फरवरी 2020 में केओपीटी द्वारा मामले की कार्यवाही के दौरान पत्तन द्वारा किए गए निवेदनों के साथ दाखिल किया गया प्रस्ताव इस विश्लेषण में सुविचारित किया गया है।

(iv) (क) प्रशुल्क नीति, 2018 का खंड 2.1 प्रत्येक महापत्तन न्यास (एमपीटी) एआरआर का मूल्यांकन करे

जोकि प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार/लागत लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित 31 मार्च वाई3 को प्राप्त प्रगतिधीन पूंजी सहित नियोजित पूंजी पर 16 प्रतिशत की दर से प्रतिलाभ और इस प्राधिकरण द्वारा जारी कार्य दिशानिर्देशों और प्रशुल्क नीति 2018 के खंड 2.2 में यथा निर्धारित कुछ अतिरिक्तों के अधीन तीन वर्षों (वाई1), (वाई2) और (वाई3) के अंतिम लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार वास्तविक व्यय के जोड़ का औसत है।

(ख) केओपीटी ने इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.1 और कार्य दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए तीन वर्षों अर्थात् 2015–16 (वाई1), 2016–17 (वाई2) और 2017–18 (वाई3) के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के आधार पर एआरआर मूल्यांकित किया है। एआरआर प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया गया है। केओपीटी ने वर्ष 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के लिए औसत वार्षिक व्ययों पर पहुंचने के लिए एआरआर परिकलन में लागू नहीं व्ययों को अलग रखा गया है। केओपीटी द्वारा अनुमानित एआरआर प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित किया गया है। केओपीटी द्वारा प्रशुल्क नीति 2018 के खंड 2.2 और कार्य दिशानिर्देशों के खंड 2.2 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार किया गया निम्नलिखित समायोजन नीचे स्पष्ट किए गए कारणों से एआरआर के परिकलन में किए जाने वाले कुछ संशोधन के साथ विशिष्ट उल्लेख के लिए बताये गए हैं:–

(i) केओपीटी ने संपदा गतिविधि अर्थात् संपदा गतिविधि से संबंधित परिचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित), आबंटित प्रबंधन तथा सामान्य प्रशासनिक उपरिव्यय (एमजीए) और वित्तीय एवं विविध व्यय को अलग रखा है। ऋणों पर ब्याज शून्य बताया गया है।

(ii) रेलवे गतिविधि से केओपीटी द्वारा अर्जित आय में इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रशुल्क एवं रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रशुल्क से होने वाली आय शामिल है। सेवाओं से अर्जित रेलवे आय इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नहीं की गई है और उसपर व्यय इस प्रशुल्क कार्यवाही से बाहर होगा। इस प्रकार, हमारे अनुरोध पर, केओपीटी ने इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रशुल्क और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रशुल्क से संबंधित आय एवं व्यय का ब्रेकअप भेजा था।

इस गतिविधि से संबंधित व्यय जिसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रशुल्क निर्धारित किया गया है को केओपीटी द्वारा एआरआर से अलग रखा गया है।

केओपीटी द्वारा प्रेषित ब्रेकअप के आधार पर, इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रशुल्क से संबंधित आय एवं व्यय से संबंधित, यह देखा गया है कि रेलवे गतिविधि अधिशेष में है जैसाकि अनुलग्नक–1 में दर्शाया गया है। चूंकि केओपीटी में रेलवे गतिविधि जिसके मामले में प्रशुल्क इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जा रहा है, अधिशेष में है, इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रशुल्क से संबंधित रेलवे व्यय भी एआरआर परिकलन में अलग रखने की जरूरत है।

अन्य शब्दों में, वर्ष 2015–16, 2016–17 तथा 2017–18 के लिए वार्षिक लेखों में यथा दर्शाये गए अनुसार समग्र रेलवे गतिविधि व्यय और उसपर आबंटित प्रबंधन तथा सामान्य व्यय एवं वित्त तथा विविध व्यय एआरआर से अलग किए जाए। प्रशुल्क नीति, 2018 के अधीन अन्य महापत्तन न्यासों द्वारा दाखिल सामान्य संशोधन प्रस्ताव का निपटान करने के समय इस प्राधिकरण द्वारा ऐसा दृष्टिकोण अंगीकृत किया गया है।

तदनुसार, केओपीटी द्वारा यथा अलग किया गया रेलवे व्यय ऊपर चर्चा के अनुसार स्थिति दर्शाने के लिए संशोधित किया गया है। केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित के सापेक्ष इस आदेश में यथा सुविचारित रेलवे व्यय को अलग दर्शाने वाला तुलनात्मक विवरण **अनुलग्नक–II** रूप में दिया गया है।

(iii) प्रशुल्क नीति 2018 के खंड 2.2(iii) और कार्य दिशानिर्देशों के अनुसार, एकमुश्त व्ययों जैसे मजदूरी संशोधन के कारण मजदूरी बकाया, पेंशन/उपदान, अनुग्रह भुगतान का 1/3 एआरआर में शामिल किया जाना है। इसी तरह, पेंशन निधि में अंशदान का 1/3वां एआरआर की गणना में शामिल किया जाना है। इसका अर्थ उपर्युक्त व्ययों का 2/3वां एआरआर की गणना में अलग रखा जाना है।

केओपीटी ने वर्ष 2017–18 के लिए वार्षिक लेखों में यथा निर्दिष्ट वर्ष 2017–18 के लिए वेतन भत्तों के बकाया के 2/3वें के लिए रु. 3605.15 लाख अलग रखे थे। इसी तरह, केओपीटी ने वर्ष 2017–18 के दौरान पेंशन के बकाया के 2/3वें के लिए रु. 23.64 लाख अलग रखे थे। केवल एक वर्ष में 2/3वें व्यय को अलग रखना उचित नहीं है, क्योंकि पत्तन के लिए निम्नतर एआरआर के परिणामस्वरूप व्यय 3 वर्षों के लिए औसत होगी। इसलिए, संपूर्ण व्यय को व्यय से अलग रखा गया है और इसके बाद 1/3वें व्यय को वर्ष 2015–16 से 2017–18 के लिए औसत व्यय में जोड़ा गया है।

(iv) केओपीटी ने निम्नलिखित गणनाओं के अनुसार अधिवर्षिता निधि और उपदान निधि में 2/3वें योगदान के लिए वर्ष 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के लिए क्रमशः रु. 21672.33 लाख, रु. 25268.76 लाख और रु. 52936.44 लाख की राशि अलग रखी है:

(रु. लाखों में)

विवरण	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**
लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार केओपीटी कर्मचारी सुपर वार्षिकीकरण निधि में अंशदान	32500	33233.42	83120.51
लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार उपदान निधि में अंशदान	5032.54	10194.36	7028.95
जोड़	37532.54	43427.78	90149.46
अधिवर्षिता निधि तथा उपदान निधि का 2/3 अंशदान	25146.80	29096.61	60400.13
घटायें: संपदा गतिविधि से संबंधित समानुपातिक अंशदान राशि	1154.08	1329.50	2930.31
घटायें: रेलवे गतिविधि से संबंधित समानुपातिक अंशदान राशि	2320.39	2498.35	4533.38
निवल अंशदान (लागत विवरण में अलग रखने के लिए सुविचारित)	**21672.33**	**25268.76**	**52936.44**

तथापि, 2/3वां अंशदान निम्नवत् परिगणित किया गया है:–

(रु. लाखों में)

विवरण	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**
लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार केओपीटी कर्मचारी सुपर वार्षिकीकरण निधि में अंशदान	32500	33233.42	83120.51
लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार उपदान निधि में अंशदान	5032.54	10194.36	7028.95

जोड़	37532.54	43427.78	90149.46
घटायें: संपदा गतिविधि से संबंधित समानुपातिक अंशदान राशि	1154.08	1329.50	2930.31
घटायें: रेलवे गतिविधि से संबंधित समानुपातिक अंशदान राशि	2765.26	3004.19	5560.34
अंतिम निवल अंशदान	33613.20	39094.09	81658.81
निवल अंशदान का 2/3 (लागत विवरण में अलग रखने के लिए सुविचारित)	**22520.84**	**26193.04**	**54711.40**

तदनुसार, अलग करने के लिए केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित अधिवर्षित निधि और उपदान निधि के लिए 2/3वां अंशदान संशोधित किया गया है जैसाकि ऊपर दर्शाया गया है।

(v) प्रशुल्क नीति 2018 के खंड 2.2. (iv) और वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.2. (iv) के अनुसार, परिचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत की सीमा के अधीन प्रबंधन तथा सामान्य प्रशासन उपरिव्यय ही एआरआर गणना में ही विचार किया जाएगा। परिचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत के अलावा प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय पहले बताये गए संशोधनों के मद्देनजर पुनर्गणित किए गए है। परिचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत के अलावा प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्ययों की संशोधित गणना निम्नवत् है:–

(रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	2015-16	2016-17	2017-18
1	प्रबंधन तथा सामान्य प्रशासनिक उपरिव्यय (मूल्यह्रास सहित) लेखापरीक्षित वार्षिक लेखा के अनुसार	33714.35	35088.74	36200.84
2	घटायें: संपदा संबंधित में एमजीए का प्रभाज	4261.41	5201.55	5049.89
3	घटायें: रेलवे गतिविधि में एमजीए का प्रभाजन	2487.57	2326.23	2229.40
4	निवल एमजीए व्यय (मूल्यह्रास सहित परंतु संपदा से संबंधित एमजीए व्यय के अलावा) (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	**26965.37**	**27560.96**	**28921.55**
5	वार्षिक लेखा के अनुसार परिचालन व्यय	106145.11	104585.42	117030.87
6	घटायें: संपदा संबंधित में परिचालन व्यय का प्रभाजन	4157.14	4857.07	5990.12
7	घटायें: रेलवे गतिविधि में परिचालन व्ययों का प्रभाजन	5773.07	5173.18	5542.25
8	परिचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित परंतु संपदा से संबंधित परिचालन व्यय अतिरिक्त) (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	**96214.90**	**94555.17**	**105498.50**
10	स्वीकार्य प्रबंधन तथा सामान्य प्रशासनिक उपरिव्यय	24053.73	23638.79	26374.63
11	अलग करने के लिए सुविचरित प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय (क्र.सं. 4–10)	**2911.65**	**3922.17**	**2546.93**

(vi) प्रशुल्क नीति, 2018 कार्यान्वित करने के लिए जारी किए गए वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.2(v) के अनुसार, निकटवर्ती बर्थों के लिए प्रासंगिक सभी व्ययों को एआरआर के परिकलन से अलग रखा जाना है। केओपीटी ने निकटवर्ती बर्थों से संबंधित कोई व्यय प्रतिवेदित नहीं किया है।

(vii) केओपीटी ने कलकत्ता डॉक लेबर बोर्ड (सीडीएलबी) को ऑन बोर्ड प्रहस्तन प्रभारों की प्रतिपूर्ति और एमओएस से प्राप्त निकर्षण सब्सिडी को सही तरह से अलग किया गया है।

इस संबंध में, यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि केओपीटी के एसओआर के पिछले सामान्य संशोधन के दौरान, केओपीटी द्वारा किए गए निवेदन के आधार पर कि एमएचसी बर्थों में कंटेनर परिचालनों के लिए ऑन बोर्ड लेबर की आपूर्ति के लिए सीडीएलबी को किए गए भुगतान अलग रखे गए हैं क्योंकि केवल केडीएस ही संबद्ध उपयोक्ताओं से समान राशि संग्रहीत करता है और सीडीएलबी को भेजता है और कि संग्रहण के लिए सुविचारित दर सीडीएलबी विनियमों द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाती है और केओपीटी के एसओआर के अधीन नहीं। इसी कारण के आधार पर, केओपीटी ने तत्संबंधी वर्षों के लिए व्यय से वर्ष 2015–16 से 2017–18 के लिए क्रमशः रु. 3398.16 लाख, रु. 3668.57 लाख और रु. 3806.47 लाख सीडीएलबी को कंटेनर के ऑन बोर्ड प्रहस्तन प्रभार की प्रतिपूर्ति को अलग किया है।

(viii) प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.3 और वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.3 में निर्धारित प्रावधानों का अनुसरण करते हुए, संशोधित औसत व्यय केओपीटी द्वारा यथा निर्धारित रु. 1521.24 करोड़ की बजाय रु. 1510.62 करोड़ परिगणित होता है।

(v). केओपीटी वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.4 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार नियोजित पूंजी पर पहुंचा है। केओपीटी ने लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित 31 मार्च 2018 को निवल अचल परिसंपत्तियों और प्रगतिधीन पूंजी पर विचार किया है। जैसाकि पहले बताया गया है, केओपीटी ने बताया है कि निकटवर्ती बर्थों से संबंधित पत्तन द्वारा प्रोद्भूत व्यय नहीं है।

(vi). कार्य पूंजी में वस्तुसूची, विविध देनदार और रोकड़ शेष जमा शामिल है।

वर्किंग दिशानिर्देश 2018 के खंड 2.5 के अनुसार, केपिटल स्पेयर्स से इतर वस्तुसूची के मामले में सीमा छह माह का औसत उपभोग है। तथापि, केओपीटी ने रु. 1013.47 लाख की वस्तुसूची पर विचार किया है जोकि 31 मार्च 2018 को वस्तुसूची का 50 प्रतिशत मूल्य घटाव ईंधन का स्टाक बताया गया है। कार्य पूंजी के लिए परिकलन हेतु वस्तुसूची ईंधनों के अलावा छह माह के औसत उपभोग पर विचार करते हुए वर्किंग दिशानिर्देश 2019 के खंड 2.5 में शामिल विनिर्दिष्ट के अनुसार केओपीटी के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों की प्रासंगिक अनुसूची में उपलब्ध भंडारों के उपभोग के ब्योरों के अनुसार पुनगर्णना की गई है जोकि रु. 431.37 लाख परिगणित होता है।

मूल्यह्रास के अलावा मासिक रोकड़ व्ययों को लेखा में लेते हुए केओपीटी द्वारा परिगणित किया गया है, परंतु संपदा गतिविधि के रोकड़ व्ययों को शामिल करते हुए। रोकड़ शेष की संपदा गतिविधि तथा रेलवे गतिविधि से संबंधित व्ययों के अलावा एक माह के रोकड़ व्ययों पर विचार करने क लिए पुनःगणना की गई है और केओपीटी द्वारा मूल्यांकित रु. 23187.26 लाख के स्थान पर रु. 22257.44 लाख निर्धारित किया गया है।

विविध देनदार वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.5 में निर्धारित मानदंडों के अनुसार पत्तन द्वारा परिकलित किए गए हैं।

(vii). 16 प्रतिशत की दर से नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ ऊपर परिगणित संशोधित नियोजित पूंजी पर रु. 18082.68 लाख परिगणित किया गया है जोकि केओपीटी द्वारा सुविचारित रु. 18324.59 लाख के स्थान पर एआरआर परिकलन में सुविचारित किया गया है।

(viii). एआरआर तीन वित्तीय वर्षों 2015–16 से 2017–18 के लिए रु. 151062.02 लाख के व्यय और नियोजित पूंजी पर 16 प्रतिशत प्रतिलाभ रु. 18082.68 लाख है, इस तरह 31 मार्च 2018 को कुल रु. 169144.70 लाख होता है। इसके अलावा, वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.7 के अनुसार, उक्त एआरआर क्रमशः 3.45 प्रतिशत की दर से वर्ष 2018–19 के लिए लागू थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के 100 प्रतिशत की दर से सूचकांकित किया गया है।

तत्पश्चात, इस आधार पर कि वर्ष 2019–20 पहले ही समाप्त होने वाला है, केओपीटी ने वर्ष 2019–20 के लिए यथा लागू 4.26 प्रतिशत के अतिरिक्त वृद्धि कारक पर विचार करने का अनुरोध किया है।

पत्तन द्वारा किए गए निवेदन के संबंध में, यह कहना है कि संदर्भित मामले में आदेश पारित करने में लगने वाले समय पर विचार करते हुए, भारत के राजपत्र में उक्त आदेश की अधिसूचना और अनुमोदित केओपीटी के संशोधित दरमान के लागू होने में लगने वाला समय, यह उम्मीद है कि केओपीटी का संशोधित एसओआर वर्ष 2020–21 की शुरूआत में लागू होगा। उक्त स्थिति के मद्देनजर, यह प्राधिकरण एआरआर के परिकलन में 2018–19 के सूचकांकित एआरआर में 4.26 प्रतिशत के अतिरिक्त वृद्धि कारक पर विचार करने के लिए प्रवृत्त है।

इस प्रकार, वर्ष 2019–20 के लिए सूचकांकित एआरआर केओपीटी द्वारा वर्ष 2019–20 द्वारा यथा मूल्यांकित रु. 183840.23 लाख के स्थान पर रु. 182434.35 लाख परिगणित होता है।

(ix). सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित पत्तन द्वारा दी गई एआरआर गणना की विस्तृत वर्किंग पर रेलवे व्यय को अलग रखने और कार्य पूंजी के शीर्ष के अधीन वस्तुसूची तथा रोकड़ जमाशेष से संबंधित समायोजनों के संबंध में लागू संशोधन के अधीन विश्वास किया गया है। इस आदेश में यथा संशोधित एआरआर का संशोधित परिकलन **अनुलग्नक–III** रूप में संलग्न किया गया है।

(x). केओपीटी द्वारा यथा प्रेषित और हमारे द्वारा यथा सुविचारित सूचकांकित एआरआर का सार नीचे दिया गया है:–

(राशि रु. लाखों में**)**

क्र.सं.	विवरण	केओपीटी द्वारा यथा अनुमानित	हमारे द्वारा यथा सुविचारित
1.	वर्ष 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के लिए औसत व्यय	152123.58	151062.02
2.	31.03.2018 को और मानदंडों के अनुसार कार्य पूंजी निवल अचल परिसंपत्ति, प्रगतिधीन पूंजी सहित नियोजित पूंजी	114528.66	113016.75
3.	16 प्रतिशत की दर से नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ	18324.59	18082.68
4.	31 मार्च 2018 को एआरआर (4=1+3)	170448.17	169144.70
5.	वर्ष 2018–19 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन (3.45%)	176328.63	174980.19
6.	वर्ष 2019–20 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन (4.26%)	183840.23	182434.35
7.	अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर)	**183840.23**	**182434.35**

(xi) (क) प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.6 के अनुसार, महापत्तन न्यासों को वाणिज्यिक निर्णय के आधार पर बाजारी ताकतों को जवाब देने के लिए दरें निर्धारित करने और प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित सूचकांकित एआरआर की अधिकतम सीमा के भीतर एसओआर तैयार करने का अधिकार दिया गया है।

पत्तन ने वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.9 के अनुसार यथा अपेक्षित 2017–18 में प्रहस्तित तदनुरूपी यातायात के लिए प्रस्तावित एसओआर में प्रत्येक प्रशुल्क मद दर्शाते हुए राजस्व अनुमानन की विस्तृत गणना दी है। प्रशुल्क नीति 2018 के खंड 2.6 के अनुसार, केओपीटी ने अधिकतम सूचकांकित एआरआर के भीतर प्रस्तावित एसओआर तैयार करने के लिए और वर्ष 2017–18 के दौरान पत्तन द्वारा पोत के जीआरटी और टनों में वास्तविक कार्गो यातायात पर विचार किया है। राजस्व अनुमानन विवरण सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया गया है।

(ख) प्रस्तावित एसओआर तैयार करते समय, केओपीटी को सामान्यतः पोत संबंधित प्रभारों और कार्गो संबंधित प्रभारों में 10 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित करते देखा गया है। उपर्युक्त स्थिति के आधार पर, केओपीटी द्वारा प्रशुल्क के प्रस्तावित स्तर पर राजस्व अनुमानन रु. 177559 लाख परिगणित किया गया है। यह रु. 4875.35 लाख के अनाच्छादित अंतर को छोड़ते हुए, जैसाकि पहले चर्चा की गई है, रु. 182434.35 लाख के अधिकतम सूचकांकित एआरआर की अपेक्षा कम देखा गया है।

(ग) प्रशुल्क नीति, 2018 का खंड 2.6 महापत्तन न्यासों को अधिकतम एआरआर के भीतर एसओआर तैयार करने और वाणिज्यिक निर्णय के आधार पर बाजारी ताकतों का जवाब देने के लिए प्रशुल्क निर्धारित करने का अधिकार देता है। प्रस्तावित प्रशुल्क पर केओपीटी द्वारा अनुमानित राजस्व अधिकतम एआरआर के भीतर है और प्रस्तावित प्रशुल्क पर राजस्व अनुमान सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किए गए हैं। इसलिए, यह प्राधिकरण केओपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित मौजूदा प्रशुल्क में वृद्धि अनुमोदित करने के लिए प्रवृत्त है।

(xii) उपयोक्ताओं/उपयोक्ता एसोसिएशनों ने अपने एसओआर में केपीटी द्वारा प्रस्तावित वृद्धि पर आपत्ति उठाई थी। इस संबंध में, यह कहना है कि जैसाकि पहले बताया गया है, केओपीटी का एसओआर पिछली बार वर्ष 2016–17 में संशोधित किया गया था। उसके बाद, कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के कारण, केओपीटी ने प्रशुल्क नीति, 2015 के दौरान लागू वृद्धि कारक द्वारा दरों को सूचकांकित किया है (जिसके आधार पर केओपीटी का प्रशुल्क पिछली बार संशोधित किया गया था)। इस प्रकार, केओपीटी ने सूचकांकित दर पर केवल लगभग 5.50 प्रतिशत की वृद्धि की मांग की थी जो अपनी लागतों में वृद्धि को पूरा करने के लिए पत्तन को समर्थ बनाने हेतु मौजूदा सामान्य संशोधन कार्यवाही में वर्ष 2018–19 के दौरान प्रचलित है। इसके अलावा, यह भी नोट किया जाए कि केओपीटी द्वारा यथा मांग की गई पोत संबंधित प्रभारों और कार्गो संबंधित प्रभारों में वृद्धि अधिकतम सूचकांकित एआरआर से कम है। इसके अलावा, यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 7.1 के अनुसार एसओआर में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर हैं। केओपीटी के पास यह विकल्प होगा कि कम दरें प्रभारित कर सकता है। किसी भी स्थिति में, प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.7 के अनुसार, केओपीटी से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है कि एसओआर में संशोधन के परिणामस्वरूप पत्तन को यातायात का नुकसान नहीं होगा।

(xiii) मौजूदा शर्तों और प्रस्तावित शर्तों को देते हुए जहां कहीं पत्तन ने मामले के विश्लेषण के दौरान पत्तन द्वारा यथा प्रेषित अभियुक्तियों/कारणों के साथ, नए प्रावधानों के समावेशन तथा मौजूदा शर्तों में संशोधन/हटाये जाने का प्रस्ताव किया है, तुलनात्मक विवरण पत्तन द्वारा यथा प्रस्तावित प्रत्येक संशोधन स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के लिए अंतिम कॉलम में हमारी संक्षिप्त अभियुक्तियों/विश्लेषण के साथ अद्यतन किया गया है। उक्त तुलनात्मक स्थिति **अनुलग्नक–IV** रूप में संलग्न की गई है। मौजूदा शर्तों में प्रस्तावित संशोधन/हटाया जाना केओपीटी द्वारा प्रेषित अभ्युक्तियों/कारण पर विचार करते हुए अनुमोदित किया गया है और उनपर अभ्युक्तियां/विश्लेषण उक्त अनुलग्नक IV में दिया गया है।

(xiv) इस प्राधिकरण ने सभी महापत्तन न्यासों और वहां पर परिचालन कर रहे बीओटी परिचालकों पर डीएमआईसीडीसी के लॉजिस्टिक डाटा बैंक (एलडीबी) के लिए आदेश सं. टीएएमपी/12/2019–एमयूसी दिनांक 24 जुलाई 2019 द्वारा संशोधित अनिवार्य उपयोक्ता प्रभार (एमयूसी) अनुमोदित किया था।

अतः, सभी महापत्तन न्यासों तथा वहां पर बीओटी टर्मिनलों द्वारा सामान्य अंगीकरण के लिए दो वर्षों की अवधि के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित डीएमआईसीडीसी द्वारा प्रदत्त लॉजिस्टिक डाटा बैंक सेवा के लिए कंटेनरों पर संशोधित एमयूसी केओपीटी के मामले में भी लागू होगा। इस संबंध में टिप्पणी, पत्तन द्वारा अपने एसओआर में पत्तन द्वारा प्रस्तावित किया गया है, जोकि अनुमोदित किया गया है।

(xv) जैसाकि पहले बताया गया है, केओपीटी ने भारत के आधिकारिक राजपत्र में एचडीसी में केओपीटी के मौजूदा बर्थों/जेट्टियों के नाम में बदलाव अधिसूचित करने के बारे सूचित किया था। तदनुसार, हमने अपने राजपत्र सं. 510 दिनांक 13 अगस्त 2019 द्वारा केओपीटी द्वारा यथा अधिसूचित मौजूदा तथा प्रस्तावित बर्थ/जेट्टियों के नाम के परिवर्तन के अनुसार संशोधित एसओआर में एस.4.5, एस.4.12, एस.6.4, एस.21.6.1, एस.27.1 और भाग X खंड–I में बर्थ संख्या के संबंध में हमने उपयुक्त परिवर्तन किए हैं।

(xvi) मौजूदा एसओआर में, आईसीडी कंटेनरों ने 20 दिनों की निःशुल्क अवधि प्राप्त की थी। प्रस्तावित एसओआर में, आईसीडी कंटेनरों पर विलंबशुल्क निर्धारित करते समय, पत्तन ने रेलमार्ग द्वारा चालित आईसीडी कंटेनर और सड़कमार्ग द्वारा आईसीडी कंटेनर के बीच अंतर किया है। रेलमार्ग द्वारा आईसीडी कंटेनर चालन के मामले में, पत्तन द्वारा 20 दिनों की निःशुल्क अवधि बनाये रखी गई है। तथापि, सड़कमार्ग द्वारा चालित आईसीडी कंटेनर के मामले में, उक्त कंटेनर आयात कंटेनर के मामले में 3 दिनों और निर्यात कंटेनर के मामले में 10 दिनों की निःशुल्क अवधि का प्रस्ताव किया गया है। उपयोक्ताओं अर्थात् एलाइड आईसीडी सर्विसस लि. (एआईएसएल) और नेशनल एसोसिएशन फॉर कंटेनर फ्रेट स्टेशन (एनएएफसीएस) ने सड़कमार्ग द्वारा चालित आईसीडी कंटेनरों के लिए निःशुल्क दिवसों की प्रस्तावित कटौती पर आपत्ति उठाई थी। इस

संबंध में, पत्तन ने बताया है कि सड़क द्वारा चालित आईसीडी कंटेनरों के लिए निःशुल्क दिवसों की प्रस्तावित कटौती गोदी सड़कों की भीड़ कम करने के लिए और रेल द्वारा आवागमन को प्रोत्साहित करने के लिए है। प्रशुल्क नीति, 2018 को कार्यान्वित करने के लिए जारी किए गए वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 9.9.1 के अनुसार, पत्तन को निःशुल्क दिवसों की संख्या निर्धारित करने की स्वतंत्रता है। अतः प्रस्तावित संशोधन अनुमोदित किया गया है।

(xvii) एस.17.1 (मद सं. 7) में जलयान कार्मिक परमिट पुस्तिका (50 परमिट शामिल है) से संबंधित मौजूदा प्रशुल्क मद इस आधार पर केओपीटी द्वारा हटाये जाने का प्रस्ताव दिया गया है कि केओपीटी में आरएफआईडी परमिटों की शुरूआत के बाद, पुस्तिका/कागज प्ररूप में परमिट बंद किए गए हैं। पत्तन के निवेदनों के आधार पर, प्रस्तावित हटाया जाना अनुमोदित किया गया है।

(xviii) शुष्क गोदी में पोत के अति विराम की अवधि के लिए स्लैब वार किराया प्रभार निर्धारित करते हुए एस.19.2 के अधीन मौजूदा टिप्पणी सं. vi को निर्धारित शुष्क गोदी प्रभारों के 1.5 गुना की एकसमान वसूली निर्धारित करते हुए केओपीटी द्वारा युक्तिसंगत बनाये जाने का प्रस्ताव किया गया है। पत्तन उम्मीद करता है कि प्रस्तावित परिवर्तन से पोतों के बीच अनुशासन आएगा और पत्तन को सही योजना बनाने में सुविधा भी होगी। पत्तन द्वारा किए गए निवेदनों के आधार पर और चूंकि किसी भी उपयोक्ता ने प्रस्तावित युक्तिकरण पर आपत्ति नहीं उठाई है, उक्त टिप्पणी में प्रस्तावित संशोधन अनुमोदित किया गया है।

(xix) इस प्राधिकरण ने अपने आदेश सं. टीएएमपी/22/2019–केओपीटी दिनांक 29 नवंबर 2019 द्वारा लम्बी अवधि के लिए कार्य के पूरा होने के बाद गोदी के भीतर शेष पोतों से दंडात्मक बर्थ किराया प्रभारों की वसूली निर्धारित करते हुए एक आदेश पारित किया था। उक्त आदेश में, उक्त आदेश में, यह दर्शाया गया था कि दंडात्मक बर्थ किराया प्रभारों की वसूली की वैधता, केओपीटी द्वारा दाखिल सामान्य संशोधन प्रस्ताव का निपटान करते हुए, इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किए जाने वाले संशोधित दरमान की वैधता से सह–समाप्ति रहेगी। इस प्रकार, उक्त आदेश द्वारा तटीय व्यापार में लगे पोत और विदेशी व्यापार में लगे पोत के लिए भाग VI – पोत संबंधित प्रभार की अनुसूची 21.1 के अधीन टिप्पणी सं. vi के रूप में यथा शामिल प्रावधान केओपीटी के एसओआर में शामिल किया जा रहा है।

(xx) इस प्राधिकरण ने अपने आदेश सं. टीएएमपी/45/2019–केओपीटी दिनांक 29 नवंबर 2019 द्वारा पंद्रह वर्षों की अवधि के लिए फ्लोटिंग क्रेन द्वारा कार्गो तथा कंटेनर के स्थानांतरण के लिए प्रभार निर्धारित करते हुए एक आदेश पारित किया था। उक्त प्रभारों की वसूली को शासित करने वाली टिप्पणियों के साथ उक्त प्रभार केओपीटी के एसओआर में शामिल किए गए हैं।

(xxi) इस प्राधिकरण ने अपने आदेश सं. टीएएमपी/8/2019–केओपीटी दिनांक 14 जून 2019 द्वारा लंगरगाह/लाइटरेज/टॉप अप स्थलों में स्टीवडोरिंग तथा तट प्रहस्तन परिचालनों तथा केओपीटी के एचडीसी में प्रहस्तन करने वाले बार्ज के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारित करते हुए एक आदेश पारित किया था। उक्त आदेश द्वारा, उक्त दरों की वैधता, फरवरी 2018 के आदेश द्वारा, केओपीटी के एचडीसी के लिए यथा अनुमोदित स्टीवडोरिंग तथा तट प्रहस्तन परिचालनों के लिए मौजूदा प्रभारों की वैधता को सह–समाप्ति बनाये रखने के लिए 27 मार्च 2021 तक उल्लिखित की गई है। इस प्रकार, उक्त प्रभारों की वसूली को शासित करने वाली टिप्पणियों के साथ उक्त प्रभार केओपीटी के एसओआर में शामिल किए गए हैं।

(xxii) अंतर्देशीय पर्यटन सहित भारत में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाये गई विभिन्न कदमों के आधार पर, इसके प्रस्तावित एसओआर के एस.33.1 और एस.33.2 में अंतर्देशीय क्रूज पर्यटन के संवर्धन के लिए इनडेंचर्ड मेमोरियल जेट्टी के उपयोग के लिए प्रशुल्क शुरू किया था। पत्तन को न्यासी बोर्ड के अनुमोदन से अंतरिम आधार पर दरें कार्यान्वित करना दिखाई देता है। चूंकि दरें, सरकारी पहल को ध्यान में रखते हुए, अंतर्देशीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित की गई हैं, इसलिए प्रस्तावित प्रभार अनुमोदित किए गए हैं।

(xxiii) प्रशुल्क नीति, 2018 को कार्यान्वित करने के लिए इस प्राधिकरण द्वारा जारी वर्किंग दिशानिर्देशों का खंड 3.7 विनिर्दिष्ट करता है कि साधारणतः इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित आदेश पारित आदेश के भारत के राजपत्र में अधिसूचित किए जाने की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होगा। तदनुसार, अनुमोदित एसओआर भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होगा।

(xxiv) प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 3.1 के अनुसार, महापत्तन न्यास कंटेनर प्रहस्तन के मामले में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट, औसत फेरे प्रति घंटा के अनुसार कार्गो संबंधित सेवाओं के लिए कार्यनिष्पादन मानक भी प्रतिबद्ध करेगा। कार्गो–वार जलयान बर्थ दिवस आउटपुट प्रतिबद्ध करना जरूरी नहीं है। इसके बजाय, महापत्तन न्यास समग्र औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट प्रस्तावित कर सकता है। पोत साइड सेवाओं के लिए, पत्तन पोतों के औसत वापिसी समय और पोतों के औसत पूर्व–बर्थिंग समय तथा किसी अन्य पैरामीटर के अनुसार कार्यनिष्पादन मानक निर्धारित करेगा जोकि पत्तन द्वारा प्रासंगिक पाया गया है।

पिछले 3 वर्षों कके कार्यनिष्पादन की औसत पर विचार करते हुए, केओपीटी ने कार्गो संबंधित गतिविधि के अधीन मुख्य कार्गो समूहों के मामले में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट (ओएसबीडी) के लिए एचडीसी के लिए 8201 और केडीएस के लिए 4248 टन के स्तर पर, औसत वापिसी समय (टीआरटी) के लिए एचडीसी के मामले में 3.43 दिन और केडीएस के मामले में 4.27 दिन और पोत संबंधित गतिविधि के अधीन औसत पूर्व–बर्थिंग विराम समय (पीबीडी) के लिए एचडीसी के मामले में 1.58 दिन केडीएस के मामले में 0.60 दिन के स्तर पर कार्यनिष्पादन माक प्रस्तावित किए हैं। केओपीटी ने केओपीटी की दोनों गोदी प्रणालियों के लिए कंटेनरों के मामले में 21 औसत फेरे प्रति घंटा के कार्यनिष्पादन मानदंड का भी प्रस्ताव किया था।

प्रशुल्क नीति, 2018 कार्यनिष्पादन मानक प्रस्तावित करने के लिए कोई पद्धति अथवा आधार निर्धारित नहीं करती है। विचार करते हुए कि प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक पिछले तीन वर्षों में दोनों गोदी प्रणालियों द्वारा अर्जित वास्तविकताओं की औसत पर आधारित हैं, केओपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक एसओआर के साथ निर्धारित किए गए हैं।

इसके अलावा, चूंकि केडीएस तथा एचडीसी दो पृथक गोदियां हैं और अलग–अलग कार्य करते हैं, पत्तन ने इस आशय की टिप्पणी प्रस्तावित की थी कि यदि कोई गोदी प्रणाली इसक लिए निर्धारित कार्यनिष्पादन मानक अर्जित करने के योग्य है, तो उक्त गोदी प्रणाली स्वतः वार्षिक सूचकांकन के लिए योग्य होगी। पत्तन ने यह भी प्रस्तावित किया था कि यदि किसी विशिष्ट गतिविधि के लिए बैंचमाक गोदी प्रणाली द्वारा अर्जित किया जाता है, संबद्ध गोदी प्रणाली उक्त गतिविधि की दरों में वृद्धि के लिए योग्य है। पत्तन द्वारा प्रेषित कारण के आधार पर, प्रस्तावित प्रावधान अनुमोदित किया गया है।

यहां यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि पत्तन द्वारा प्रतिबद्ध कार्यनिष्पादन मानक पत्तन परिसर के भीतर पत्तन द्वारा विशेष रूप से किए गए परिचालनों के लिए सुविचारित किए जाने हैं, अपने स्वयं के उपस्कर के साथ और अपने उपस्कर के साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए पत्तन द्वारा प्राधिकृत निजी सेवा प्रदाताओं पर लागू नहीं होंगे जिसके लिए प्रासंगिक आदेश में निर्धारित पृथक बैंचमार्क कार्यनिष्पादन मानक लागू होंगे।

(xxv) प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.8 के अनुसार, एसओआर भारत सरकार द्वारा घोषित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में भिन्नता के 100 प्रतिशत की सीमा तक मुद्रास्फीति से प्रतिवर्ष सूचकांकित किया जाएगा। एसओआर का ऐसा समायोजन प्रतिवर्ष किया जाएगा और समायोजित एसओआर प्रासंगिक वर्ष के 1 मई से आगामी वर्ष के 30 अप्रैल तक लागू होगा। इसके अलावा, प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.8 के साथ पठित प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 3.2 के अनुसार, डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एसओआर में वार्षिक सूचकांकन महापत्तन न्यासों द्वारा प्रतिबद्ध कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन लागू है। यदि कोई पत्तन विशेष कार्यनिष्पादन मानक को पूरा नहीं करता है तो अगले वर्ष क दौरान सूचकांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यहां उल्लेख करना प्रासंगिक है कि मौजूदा मामले में वर्ष 2018–19 और 2019–20 के लिए सूचकांकन कारक एआरआर में पहले से ही सुविचारित किया गया है। एसओआर में अगला वार्षिक सूचकांकन वर्ष 2019–20 में कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन 1 मई 2020 से लागू होगा। ऐसी स्थिति में, इस आशय की टिप्पणी एसओआर में शामिल की गई है कि इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एसओआर इस प्राधिकरण द्वारा घोषित किए जाने वाले डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से स्वतः वार्षिक सूचकांकन के अधीन है। वार्षिक सूचकांकन केओपीटी द्वारा एसओआर के साथ अधिसूचित कार्यनिष्पादन मानक अर्जित करने के अधीन 1 मई 2020 से होगा। यदि एसओआर में निर्धारित कार्यनिष्पादन मानक अर्जित नहीं किए जाते हैं तो उस वर्ष विशेष के लिए एसओआर में सूचकांकन नहीं किया जाएगा। प्रशुल्क नीति, 2018 विनिर्दिष्ट करती है कि एसओआर में वार्षिक सूचकांकन कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन स्वतः किया जाएगा। यह महापत्तन न्यासों से इसके लिए इस प्राधिकरण का रूख करने की अपेक्षा नहीं करता है। पारदर्शिता के लिए, पत्तन को सलाह दी जाती है कि इस प्राधिकरण को केलेंडर वर्ष की समाप्ति के एक महीने के भीतर पत्तन द्वारा प्रतिबद्ध स्तर पर इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कार्यनिष्पादन मानकों के सापेक्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर अवधि के लिए अर्जित कार्यनिष्पादन मानक घोषित करे। यदि इस प्राधिकरण द्वारा यथा अधिसूचित कार्यनिष्पादन मानक पत्तन द्वारा अर्जित किए जाते हैं तो पत्तन इस प्राधिकरण द्वारा घोषित डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से इसके एसओआर में निर्धारित दरें स्वतः सूचकांकित कर सकता है और प्रासंगिक वर्ष के 1 मई से सूचकांकित एसओआर लागू कर सकता है। केओपीटी द्वारा सूचकांकित एसओआर के बारे में पत्तन द्वारा संबद्ध उपयोक्ताओं और इस प्राधिकरण को सूचित किया जाएगा।

(xxvi) केओपीटी के मौजूदा एसओआर की वैधता पिछली बार 30 सितंबर 2019 अथवा संशोधित एसओआर के कार्यान्वयन की प्रभावी तारीख तक, जो भी पहले हो, लागू रहेगी। जब तक आदेश लागू होता है, यह लगभग मार्च 2020 होगा। ऐसी स्थिति में, मौजूदा एसओआर की वैधता को 01 अक्तूबर 2019 से संशोधित एसओआर के लागू होने तक विस्तारित किया माना जाएगा।

(xxvii) वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 3.8 के अनुसार, अधिसूचित एसओआर भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद 3 वर्षों के लिए वैध रहेगा। अतः संशोधित एसओआर की वैधता अनुमोदित आदेश के लागू होने की तारीख से 3 वर्षों की अवधि के लिए निर्धारित की गई है।

(xxviii) (क) प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 7.1 के अनुसार, एसओआर में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर हैं। केओपीटी यदि चाहे तो कम दरें प्रभारित कर सकता है।

(ख) जैसाकि पहले बताया गया है, प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.7 के अनुसार, केओपीटी को यह सुनिश्चित करना है कि एसओआर में संशोधन के परिणामस्वरूप पत्तन को यातायात का नुकसान नहीं होना चाहिए।

(ग) यदि सुविचारित रिकार्ड के सम्मुख अथवा औचित्यपरक कारणों से कोई त्रुटि दिखाई देती है तो केओपीटी भारत के राजपत्र में पारित आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर निर्धारित प्रशुल्क की समीक्षा के लिए इस प्राधिकरण का रूख कर सकता है।

(घ) केओपीटी द्वारा एसओआर को शासित करने वाली शर्तों में प्रस्तावित संशोधन केओपीटी द्वारा प्रेषित औचित्य/स्पष्टीकरण के आधार पर अनुमोदन के लिए सुविचारित किए गए हैं। केओपीटी प्रशुल्क वैधता अवधि की समाप्ति से पहले भी अनुमोदित शर्तों में से किसी शर्त को संशोधित करने के लिए प्रस्ताव लेकर आ सकता है।

12.1. परिणामस्वरूप, और उपर्युक्त कारणों से, तथा समग्र विचार–विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण केओपीटी के संशोधित एसओआर तथा कार्यनिष्पादन मानक अनुमोदित करता है जिन्हें अलग से अधिसूचित किया गया है। संशोधित दरमान तथा संशोधित दरमानों के कार्यान्वयन को शासित करने वाली शर्तों के लागू होने की

तारीख पृथक आदेश दिनांक 20 फरवरी 2020 में पहले से निर्दिष्ट तारीख ही होगी और संशोधित एसओआर के लागू होने की तारीख से 3 वर्षों की अवधि के लिए लागू होगा। प्रदत्त अनुमोदन उसके बाद स्वतः ही समाप्त हो जाएगा जब तक कि इस प्राधिकरण द्वारा अन्यथा विशेष रूप से विस्तारित नहीं किया जाता है।

12.2. संशोधित एसओआर भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होगा और आदेश के लागू होने की तारीख से 3 वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा। उसके बाद, प्रदत्त अनुमोदन स्वतः ही समाप्त हो जाएगा जब तक कि इस प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से विस्तारित नहीं किया जाता है।

12.3. केओपीटी ने कंटेनर प्रहस्तन के मामले में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट, औसत फेरे प्रति घंटा के अनुसार कार्गो संबंधित सेवाओं के लिए कार्यनिष्पादन मानक प्रतिबद्ध किए हैं। पोत साइड सेवाओं के लिए, पत्तन ने पोत के औसत वापिसी समय और पोतों के औसत पूर्व–बर्थिंग समय और बर्थ पत्तन में निष्क्रिय समय के अनुसार कार्यनिष्पादन मानक प्रतिबद्ध किए हैं।

12.4. प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 2.8 में यथा दिया गया एसओआर का सूचकांकन प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 3.2 के साथ पठित किया जाना है। यदि केओपीटी कार्यनिष्पादन मानक पूरे नहीं करता है तो अगले वर्ष के दौरान सूचकांकन के लिए केओपीटी योग्य नहीं होगा।

12.5. प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 6 के अनुसार, केओपीटी कार्गो यातायात, जलयान बर्थ दिवस आउटपुट, जलयानों के औसत वापिसी समय, औसत पूर्व–बर्थिंग प्रतीक्षा समय पर वार्षिक रिपोर्टें इस प्राधिकरण को भेजेगा। इसके अलावा, कंटेनर बर्थों के लिए, वार्षिक रिपोर्टें औसत फेरे प्रति क्रेन घंटा तथा कंटेनरों के लिए औसत विराम समय पर भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। वार्षिक रिपोर्टें प्रत्येक वर्ष के समाप्त होने के 60 दिनों के भीतर पत्तन द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कोई अन्य सूचना जो इस प्राधिकरण द्वारा अपेक्षा की जाएगी वह भी समय–समय पर इस प्राधिकरण को भेजी जाएगी।

12.6. वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 4 के अनुसार, यह प्राधिकरण प्रशुल्क नीति, 2018 के खंड 6 के अधीन केओपीटी से इसे प्राप्त सूचना अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। तथापि, यह प्राधिकरण प्रेषित कुछ आंकड़े जो वाणिज्यिक दृष्टि से संवेदनशील हो सकते हैं, प्रकाशित नहीं किए जाने के बारे में केओपीटी से प्राप्त अनुरोध पर विचार करेगा। ऐसे अनुरोधों के साथ प्रश्नाधीन आंकड़ों/सूचना की वाणिज्यिक संवेदनशीलता तथा इसके प्रकाशन पर उनके राजस्व/परिचालन पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव के बारे में विस्तृत औचित्य देने होंगे। इस संबंध में टीएएमपी का निर्णय अंतिम होगा।

टी.एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन–III/4/असा./67/2020-21]

अनुलग्नक – I

रेलवे गतिविधि से संबंधित गणनाएँ

विवरण	वाई1 2015-16	वाई 2 2016-17	वाई 3 2017-18
क. परिचालन आय			
क. टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय			
(i) केडीएस	1671.64	1630.60	2054.23
(ii) एचडीसी	10662.70	11097.33	14631.36
जोड़ (क)	**12334.31**	**12727.93**	**16685.59**
ख). टीएएमपी दर के अनुसार सृजित आय			
(i) केडीएस	923.50	934.16	1157.81
(ii) एचडीसी	579.06	757.27	276.36
जोड़ (ख)	**1502.56**	**1691.43**	**1434.17**
ग) कुल सृजित आय			
(i) केडीएस	2695.14	2564.76	3212.04
(ii) एचडीसी	11241.76	11854.60	14907.72
जोड़ (ग)	**13936.90**	**14419.36**	**18119.76**
ख. परिचालन व्यय			
क. टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय पर समानुपातिक व्यय			
(i) केडीएस	1289.91	1172.69	1215.67
(ii) एचडीसी	3576.23	3116.03	3573.92
जोड़ (क)	**4866.14**	**4288.72**	**4789.59**
ख). टीएएमपी दर के अनुसार सृजित आय पर समानुपातिक व्यय			

(i) केडीएस	712.75	671.75	685.30
(ii) एचडीसी	194.18	212.71	67.36
जोड़ (ख)	**906.93**	**884.46**	**752.66**
ग) कुल प्रोद्भूत व्यय			
(i) केडीएस	2002.66	1844.44	1900.97
(ii) एचडीसी	3770.41	3328.74	3641.28
जोड़ (ग)	**5773.07**	**5173.18**	**5542.25**
ग. परिचालन अधिशेष			
क. टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित परिचालन अधिशेष			
(i) केडीएस	381.73	457.91	838.56
(ii) एचडीसी	7086.47	7981.3	11057.44
जोड़ (क)	**7468.17**	**8439.21**	**11896.00**
ख). टीएएमपी दर के अनुसार सृजित परिचालन अधिशेष			
(i) केडीएस	210.75	262.41	472.51
(ii) एचडीसी	384.88	544.56	209.00
जोड़ (ख)	**595.63**	**806.97**	**681.51**
ग) कुल परिचालन अधिशेष			
(i) केडीएस	692.48	720.32	1311.07
(ii) एचडीसी	7471.35	8525.86	11266.44
जोड़ (ग)	**8163.83**	**9246.18**	**12577.51**

अनुबंध-II

टीएएमपी द्वारा यथा सुविचारित के सापेक्ष केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित रेलवे व्यय का अपवर्जन दर्शाता तुलनात्मक विवरण			
	2015-16	**2016-17**	**2017-18**
	(रु. लाखों में)		
क. टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय पर समानुपातिक व्यय			
(i) केडीएस	1289.91	1172.69	1215.67
(ii) एचडीसी	3576.23	3116.03	3573.92
जोड़ (क)	**4866.14**	**4288.72**	**4789.59**
ख). टीएएमपी दर के अनुसार सृजित आय पर समानुपातिक व्यय			
(i) केडीएस	712.75	671.75	685.3
(ii) एचडीसी	194.18	212.71	67.36
जोड़ (ख)	**906.93**	**884.46**	**752.66**
ग) कुल प्रोद्भूत व्यय			
(i) केडीएस	2002.66	1844.44	1900.97
(ii) एचडीसी	3770.41	3328.74	3641.28
जोड़ (ग)	**5773.07**	**5173.18**	**5542.25**
अपवर्जन के लिए सुविचारित रेलवे व्यय			
क). परिचालन व्यय			
प्रपत्र-1 में केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित (टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय पर समानुपातिक व्यय)	4866.14	4288.72	4789.59
हमारे द्वारा प्रपत्र-1 में यथा सुविचारित (प्रोद्भूत कुल रेलवे परिचालनात्मक व्यय)	5773.07	5173.18	5542.25

(ख) आबंटित प्रबंधन तथा प्रशासनिक उपरिव्यय			
प्रपत्र-1 में केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित (टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय पर समानुपातिक व्यय)	2123.29	1929.73	1899.34
* प्रपत्र-1 में हमारे द्वारा यथा सुविचारित (प्रोद्भूत कुल रेलवे परिचालनात्मक व्यय)	2487.57	2326.23	2229.40
(ग) आबंटित एफएमई - सेवानिवृत्ति लाभ निधियों में अंशदान			
प्रपत्र-1 में केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित (टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय पर समानुपातिक व्यय)	2320.39	2498.35	4533.38
* प्रपत्र-1 में हमारे द्वारा यथा सुविचारित (प्रोद्भूत कुल रेलवे परिचालनात्मक व्यय)	2765.26	3004.19	5560.34
(घ) आबंटित एफएमई - आय			
प्रपत्र-1 में केओपीटी द्वारा यथा सुविचारित (टीएएमपी दर के अनुसार से इतर सृजित आय पर समानुपातिक व्यय)	2489.87	2141.05	1728.30
* प्रपत्र-1 में हमारे द्वारा यथा सुविचारित (प्रोद्भूत कुल रेलवे परिचालनात्मक व्यय)	2940.39	2544.71	2204.91

* लगभग 1.8 के अनुपात में रेलवे गतिविधि पर कुल रेलवे व्यय
गैर-टीएएमपी प्रशुल्क गतिविधियों पर।

अनुबंध - III

महापत्तन न्यासों के लिए प्रशुल्क के निर्धारण हेतु नीति, 2018 के अधीन कोलकाता पत्तन न्यास की वार्षिक राजस्व अपेक्षा का परिकलन

रु. लाखों में

क्र.सं.	विवरण	वाई1 (2015-2016)	वाई2 (2016-2017)	वाई3 (2017-2018)
(1)	**कुल व्यय (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)**			
(i)	परिचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित)	106145.11	104585.42	117030.87
(ii)	प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय	33714.35	35088.74	36200.84
(iii)	वित्त और विविध व्यय	77299.12	79436.34	129362.49
	कुल व्यय 1 = (i)+(ii)+(iii)	217158.58	219110.50	282594.20
(2)	**घटायें: समायोजन**			
(i)	संपदा संबंधित व्यय			
	(क) परिचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित)	4157.14	4857.07	5990.12

	(ख) प्रबंधन तथा प्रशासनिक उपरिव्यय	4261.41	5201.55	5049.89
	(ग) (i) आबंटित एफएमई - सेवानिवृत्ति लाभ निधियों में अंशदान	1154.08	1329.5	2930.31
	(ii) आबंटित एफएमई - अन्य	1241.86	1130.9	1598.66
	उप जोड़ 2(i)=[(क)+(ख)+(ग)]	**10814.49**	**12519.02**	**15568.98**
(ii)	टीएएमपी दर से इतर सृजित आय के लिए प्रोद्भूत समानुपातिक रेलवे संबंधित व्यय			
	(क) परिचालन व्यय (मूल्यह्रास सहित)	5773.07	5173.18	5542.25
	(ख) प्रबंधन तथा प्रशासनिक उपरिव्यय	2487.57	2326.23	2229.40
	(ग) (i) आबंटित एफएमई - सेवानिवृत्ति लाभ निधियों में अंशदान	2765.26	3004.19	5560.34
	(ii) आबंटित एफएमई - अन्य	2940.39	2544.71	2204.91
	उप जोड़ 2(ii)=[(क)+(ख)+(ग)]	**13966.29**	**13048.31**	**15536.90**
(iii)	ऋणों पर ब्याज	0.00	0.00	0.00
(iv)	एकमुश्त व्यय, यदि कोई हों, जैसे मजदूरी बकाया, पेंशन/उपदान का बकाया, अनुग्रह भुगतान का बकाया आदि का 2/3वां (प्रत्येक मद सूचीबद्ध करें)			
	(क) वेतन तथा भत्तों का बकाया	0.00	0.00	5407.73
	(ख) पेंशन के बकाया	0.00	0.00	35.46
	उप-जोड़ 2(iii)=[(क)+(ख)]	**0.00**	**0.00**	**5443.19**
(v)	पेंशन निधि में अंशदान का 2/3वां	22520.84	26193.04	54711.40
(vi)	परिचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत के अलावा प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय	2911.65	3922.17	2546.93
(vii)	**प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.10 के अधीन शासित पड़ोसी बर्थ, यदि कोई हो, के प्रशुल्क निर्धारण हेतु प्रासंगिक व्यय**			
	(क). परिचालन व्यय	0.00	0.00	0.00
	(ख). मूल्यह्रास	0.00	0.00	0.00
	(ग). आबंटित प्रबंधन तथा प्रशासनिक उपरिव्यय	0.00	0.00	0.00
	(घ). आबंटित एफएमई	0.00	0.00	0.00

	उपजोड़ 2(vi) = [(क)+(ख)+(ग)+(घ)]	**0.00**	**0.00**	**0.00**
(viii)	मंत्रालय से प्राप्त निकर्षण सब्सिडी:	27555.00	16250	16739
(ix)	सीडीएलबी में कंटेनर के ऑन बोर्ड प्रहस्तन प्रभार की प्रतिपूर्ति	3398.16	3668.57	3806.47
	2 का जोड़ = **2(i)+2(ii)+2(iii)+2(iv)+2(v)+2(vi)+2(vii)+2(viii)+2(ix)**	**81166.43**	**75601.11**	**114352.86**
(3)	**कुल समायोजनों के बाद कुल व्यय: [3 = 1 - 2(i)-2(ii)-2(iii)-2(iv)-2(v)-2(vi)-2(vii)-2(viii)-2(ix)]**	**135992.15**	**143509.39**	**168241.34**
(4)	**क्र.सं. 3 के औसत व्यय = [वाई1 + वाई2 + वाई3] / 3**		**149247.63**	
(5)	जोड़े: पेंशन, वेतन और भत्तों के बकाया से संबंधित 1/3 व्यय		1814.40	
(6)	कुल औसत व्यय (4 + 5)		**151062.02**	
(7)	**नियोजित पूंजी**			
	(i). 31.03.2018 के अनुसार निवल अचल परिसंपत्तियां (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)		81501.46	
	(ii). जोड़ें: 31.03.2018 के अनुसार प्रगतिधीन कार्य (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)		13754.92	
	(iii). घटायें: लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार 31.03.2018 को संपदा गतिविधि से संबंधित अचल परिसंपत्तियों का निवल मूल्य		6284.77	
	(iv). घटायें: लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार 31 मार्च 2018 को बीओटी परिचालक को हस्तांतरित अचल परिसंपत्तियों, यदि कोई हों, का निवल मूल्य		0.00	
	(v). घटायें: प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.10 के अधीन पड़ोसी बर्थों, यदि कोई हो, के लिए सुविचारित किए जाने वाले प्रासंगिक वार्षिक लेखों के अनुसार 31 मार्च 2018 को अचल परिसंपत्तियों का निवल मूल्य		0.00	
	(vi). घटायें: लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार 31.03.2018 को रेलवे गतिविधि से संबंधित अचल परिसंपत्तियों का समानुपातिक निवल मूल्य		5011.98	
	(vii). जोड़ें: वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.5 में निर्धारित मानदंडों के अनुसार कार्य पूंजी		0.00	

	(क). वस्तुसूची	431.37
	(ख). विविध देनदार	6368.30
	(ग). रोकड़	22257.44
	(घ). (क)+(ख)+(ग) का जोड़	29057.11
	(viii). नियोजित कुल पूंजी [(i)+(ii)-(iii)-(iv)-(v)-(vi)+(vii)(घ)]	**113016.74**
(8)	**क्र.सं. 7(viii) पर 16 प्रतिशत नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ**	**18082.68**
(9)	**31 मार्च 2018 को वार्षिक राजस्व अपेक्षा ((एआरआर) [(6)+(8)]**	**169144.70**
(10)	**3.45 प्रतिशत की दर से वर्ष 2018-19 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन [(9) * 1.0345)]**	174980.19
(11)	**4.26 प्रतिशत की दर से वर्ष 2019-20 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन [(10) * 1.0426)**	**182434.35**
(12)	**ऊपर क्र.सं. 11 पर अनुमानित अधिकतम सूचकांकित एआरआर के भीतर प्रस्तावित एसओआर में राजस्व अनुमानन**	**177559.00**

अनुलग्नक - IV

प्रस्तावित एसओआर की शर्तों के सापेक्ष मौजूदा दरमान (एसओआर) की शर्तों की तुलना

क्र. सं.	अनुसूची सं.	मौजूदा एसओआर के अनुसार शर्तें	अनुसूची सं.	प्रस्तावित एसओआर के अनुसार शर्तें	शर्तों में संशोधनों के लिए कारण/औचित्य	हमारी अभ्युक्तियां
	एस.3	**मूल्यांकन के सामान्य सिद्धांत**	एस.3	**सामान्य सिद्धांत**		
	(vi)		(vi)			
1	(क)	पोत संबंधित प्रभार जलयान स्वामियों/स्टीमर एजेंटों पर प्रभार्य होंगे। जहां कहीं दरें अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित की गई हैं, प्रभार **भारतीय रिजर्व बैंक की संदर्भ दर** में भारतीय रुपये में अमेरिकी मुद्रा के परिवर्तन के बाद भारतीय रुपयों में वसूल किए जाएंगे। पत्तन सीमा में पोत के प्रवेश की तारीख ऐसे परिवर्तन के लिए तारीख से गिनती की जाएगी।	(क)	पोत संबंधित प्रभार जलयान स्वामियों/स्टीमर एजेंटों पर प्रभार्य होंगे। जहां कहीं दरें अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित की गई हैं, प्रभार **फाइनेंशियल बैंचमार्क इंडिया प्रा. लि.** द्वारा प्रकाशित संदर्भ दर में भारतीय रुपये में अमेरिकी मुद्रा के परिवर्तन के बाद भारतीय रुपयों में वसूल किए जाएंगे। पत्तन सीमा में पोत के प्रवेश की तारीख ऐसे परिवर्तन के लिए तारीख से गिनती की जाएगी।	भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 09.07.2018 से संदर्भ दर प्रकाशित करना बंद कर दिया है। इसके बाद प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 04.07.2018 द्वारा आरबीआई ने 10.07.2018 से अमेरिकी डॉलर/भारतीय रुपये के लिए संदर्भ दर प्रकाशित करने के लिए फाइनेंशियल बैंचमार्क इंडिया प्रा. लि. को प्राधिकृत किया था।	प्रशुल्क नीति, 2018 को कार्यान्वित करने के लिए जारी वर्किंग दिशानिर्देशों का खंड 5.6.1. महापत्तनों से अपेक्षा करता है कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अधिसूचित बाजार खरीद दर और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित संदर्भ दर पर विचार करे। उक्त विनिर्दिष्टन सभी महापत्तन न्यसों के एसओआर में एकसमान रूप से निर्धारित किया गया है। केओपीटी द्वारा प्रस्तावित टिप्पणियां वर्किंग दिशानिर्देशों में यथा विनिर्दिष्ट स्थिति दर्शाने के लिए संशोधित की गई हैं।
2	(ख)	अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित कंटेनर संबंधित प्रभार आयात कंटेनरों के मामले में पोत के प्रवेश की तारीख को प्रचलित **भारतीय रिजर्व बैंक संदर्भ दर** के आधार पर समकक्ष भारतीय रुपयों में संग्रहीत किए जाएंगे; और निर्यात कंटेनरों के मामले में, पत्तन में कंटेनरों के आगमन की तारीख को।	(ख)	अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित कंटेनर संबंधित प्रभार आयात कंटेनरों के मामले में पोत के प्रवेश की तारीख को प्रचलित **फाइनेंशियल बैंचमार्क इंडिया प्रा. लि. द्वारा प्रकाशित संदर्भ दर** के आधार पर समकक्ष भारतीय रुपयों में संग्रहीत किए जाएंगे; और निर्यात कंटेनरों के मामले में, पत्तन में कंटेनरों के आगमन की तारीख को।	भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 09.07.2018 से संदर्भ दर प्रकाशित करना बंद कर दिया है। इसके बाद प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 04.07.2018 द्वारा आरबीआई ने 10.07.2018 से अमेरिकी डॉलर/भारतीय रुपये के लिए संदर्भ दर प्रकाशित करने के लिए फाइनेंशियल बैंचमार्क इंडिया प्रा. लि. को प्राधिकृत किया था।	
3	(ख)	सभी तटीय कार्गो/कंटेनरों के लिए ताप कोयला से इतर, कच्चे तेल सहित पीओएल, लौह अयस्क और लौह अयस्क गुट्टिकाओं के लिए कार्गो/कंटेनर संबंधित प्रभार सामान्य कार्गो/कंटेनर संबंधित प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिएं।	(ख)	सभी तटीय कार्गो/कंटेनरों के लिए ताप कोयला से इतर, कच्चे तेल सहित पीओएल, **लौह अयस्क फाइन्स, लौह अयस्क लम्प्स**, और लौह अयस्क गुट्टिकाओं **और शुष्क बल्क रूप में लौह अयस्क के सभी रूपों** के लिए कार्गो/कंटेनर संबंधित प्रभार सामान्य कार्गो/कंटेनर संबंधित प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिएं।	सभी रूपों में लौह अयस्क को भ्रम से बचने के लिए शामिल किया गया है।	सभी महापत्तन न्यासों के एसओआर में मौजूदा प्रावधान पोत परिवहन मंत्रालय जारी किए गए नीति निदेश के आधार पर एकसमान रूप से निर्धारित किया गया है। अतः मौजूदा प्रावधान अपरिवर्तित रहेगा।
	(e)	रियायती तटीय दर पर कार्गो संबंधित प्रभारों (सीआरसी) की वसूली के लिए मानदंड	(e)	रियायती तटीय दर पर कार्गो संबंधित प्रभारों (सीआरसी) की वसूली के लिए मानदंड		

		(i). 'विश्वव्यापी तथा तटीय' परिचालन के लिए जारी किए गए सामान्य ट्रेडिंग लाइसेंस वाले विदेशगामी भारतीय पोत प्रहस्तन प्रभारों (एचसी) के मामले में अर्थात् जलयान से तट स्थानांतरण और निम्नलिखित परिदृश्य में घाटशुल्क सहित घाट से/को भंडारण यार्ड और विलोमतः तटीय दरें लागू की जाएंगी: (क). तटीय चालन में परिवर्तित और किसी भारतीय पत्तन से तटीय कार्गो की ढुलाई करना और किसी अन्य भारतीय पत्तन के लिए गंतव्यित करना। (ख).तटीय चालन में *अपरिवर्तित परन्तु किसी भारतीय पत्तन से तटीय कार्गो की ढुलाई करना और किसी अन्य भारतीय पत्तन के लिए गंतव्यित करना। *केंद्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क बोर्ड का परिपत्र सं. 15/2002–सी. दिनांक 25 फरवरी 2002 बिना किसी सीमाशुल्क परिवर्तन के भारतीय ध्वज वाले विदेशगामी पोतों में एक भारतीय पत्तन से भारत में दूसरे पत्तन तक तटीय कार्गो की ढुलाई की अनुमति देता है। (ii). जहाजरानी महानिदेशालय द्वारा जारी किए गए विनिर्दिष्ट अवधि अथवा नौप्रस्थान के लिए लाइसेंस और सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय चालन में परिवर्तित विदेशी ध्वज वाले पोत के मामले में, किसी भारतीय पत्तन से लादा गया तथा किसी अन्य भारतीय पत्तन के लिए गंतव्यित तटीय कार्गो/कंटेनर तटीय कार्गो/कंटेनर के लिए लागू दर पर वसूल किया जाएगा।		(i). 'विश्वव्यापी तथा तटीय' परिचालन के लिए जारी किए गए सामान्य ट्रेडिंग लाइसेंस वाले विदेशगामी भारतीय पोत प्रहस्तन प्रभारों (एचसी) के मामले में अर्थात् जलयान से तट स्थानांतरण और निम्नलिखित परिदृश्य में घाटशुल्क सहित घाट से/को भंडारण यार्ड और विलोमतः तटीय दरें लागू की जाएंगी: (क). तटीय चालन में परिवर्तित और किसी भारतीय पत्तन से तटीय कार्गो की ढुलाई करना और किसी अन्य भारतीय पत्तन के लिए गंतव्यित करना। (ख). तटीय चालन में *अपरिवर्तित परन्तु किसी भारतीय पत्तन से तटीय कार्गो की ढुलाई करना और किसी अन्य भारतीय पत्तन के लिए गंतव्यित करना। *केंद्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क बोर्ड का परिपत्र सं. 15/2002–सी. दिनांक 25 फरवरी 2002 बिना किसी सीमाशुल्क परिवर्तन के भारतीय ध्वज वाले विदेशगामी पोतों में एक भारतीय पत्तन से भारत में दूसरे पत्तन तक तटीय कार्गो की ढुलाई की अनुमति देता है। (ii). जहाजरानी महानिदेशालय द्वारा जारी किए गए विनिर्दिष्ट अवधि अथवा नौप्रस्थान के लिए लाइसेंस और सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय चालन में परिवर्तित विदेशी ध्वज वाले पोत के मामले में, किसी भारतीय पत्तन से लादा गया तथा किसी अन्य भारतीय पत्तन के लिए गंतव्यित तटीय कार्गो/कंटेनर तटीय कार्गो/कंटेनर के लिए लागू दर पर वसूल किया जाएगा। (iii). श्रीलंका के क्षेत्रीय जलमार्गों के माध्यम से किसी पोत द्वारा पूर्व तट पर भारतीय पत्तन और पश्चिम तट पर दूसरे भारतीय पत्तन के बीच परिवहनित तटीय माल, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमाशुल्क बोर्ड की अधिसूचना सं. 38/2018–सीमाशुल्क (एन.टी.) दिनांक 11 मई 2018 के अनुसार पोत के परिवर्तन के बिना और बीच में श्रीलंका में किसी पत्तन पर आने वाले अथवा नहीं, कार्गो संबंधित प्रभारों में रियायत के लिए पात्र होंगे।	संदर्भ टीएएमपी आदेश सं. टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 25.09.2018	प्रस्तावित संशोधन टीएएमपी आदेश सं टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 25.09.2018 के अनुसार है। इसलिए, खंड में प्रस्तावित परिवर्तन अनुमोदित किया गया है।

				(iv). पूर्व में भारतीय पत्तन के बीच परिवहनित तटीय माल।		
4	(ख)	दंडात्मक ब्याज की दर 16.75 प्रतिशत होगी। दंडात्मक ब्याज की दर केओपीटी तथा पत्तन उपयोक्ताओं दोनों पर एकसमान पर लागू होगी।	(ख)	दंडात्मक ब्याज की दर 15 प्रतिशत होगी। दंडात्मक ब्याज की दर केओपीटी तथा पत्तन उपयोक्ताओं दोनों पर एकसमान पर लागू होगी।		प्रस्तावित संशोधन वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 5.5.1. के अनुसार है। इसलिए, खंड में प्रस्तावित परिवर्तन अनुमोदित किया गया है।
5	(क)	<u>पोत संबंधित प्रभारों (वीआरसी) की वसूली के लिए पोत के वर्गीकरण की प्रणाली</u> (i). भारतीय ध्वज वाला विदेशगामी पोत, जिसके पास सामान्य व्यापार लाइसेंस है, सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय पोत में परिवर्तित हो सकता है। ऐसे पोत जो भारतीय पत्तन में उसकी प्रथम पत्तन आगमन पर सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय चालन में परिवर्तित होता है, जब तक यह भारतीय तट पर नहीं पहुंचता है, किसी और सीमाशुल्क परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी। (ii). विदेशी ध्वज का विदेशगामी पोत जहाजरानी महानिदेशक और सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश द्वरा जारी विनिर्दिष्ट अवधि लाइसेंस के आधार पर तटीय चालन पर परिवर्तित हो सकता है।	(क)	<u>पोत संबंधित प्रभारों (वीआरसी) की वसूली के लिए पोत के वर्गीकरण की प्रणाली</u> (i). भारतीय ध्वज वाला विदेशगामी पोत, जिसके पास सामान्य व्यापार लाइसेंस है, सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय पोत में परिवर्तित हो सकता है। ऐसे पोत जो भारतीय पत्तन में उसकी प्रथम पत्तन आगमन पर सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय चालन में परिवर्तित होता है, जब तक यह भारतीय तट पर नहीं पहुंचता है, किसी और सीमाशुल्क परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी। (ii). विदेशी ध्वज का विदेशगामी पोत जहाजरानी महानिदेशक और सीमाशुल्क परिवर्तन आदेश द्वरा जारी विनिर्दिष्ट अवधि अथवा नौचालन लाइसेंस के आधार पर तटीय चालन पर परिवर्तित हो सकता है।	संदर्भ टीएएमपी आदेश सं. टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 10.06.2016	प्रस्तावित संशोधन टीएएमपी आदेश सं. टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 10.06.2016 के अनुसार है। इसलिए, खंड में प्रस्तावित परिवर्तन अनुमोदित किया गया है।
